यूपी में 1200 करोड़ का निवेश करेगी जेके सीमेंट

प्रयागराज में 500 करोड़ की लागत से यूनिट की होगी **स्थापना** 700 करोड़ की दो परियोजनाओं पर काम कर रही कंपनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में शामिल जेके समूह ने प्रदेश में 1200 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। जेके सीमेंट 500 करोड़ रुपये के निवेश से प्रयागराज में एक यूनिट की स्थापना करेगी। वहीं, यूपी में 700 करोड़ की दो परियोजनाओं पर कंपनी पहले से ही कार्य कर रही है। कंपनी के डिप्टी एमडी और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 का भी हिस्सा बनेंगे।

माधवकृष्ण सिंघानिया ने इस प्रस्ताव की पुष्टि करने हुए कहा कि हम इस गतिशील राज्य का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेके सीमेंट को प्रयागराज में 2.50 एमटीपीए की क्षमता वाली अपनी तीसरी क्लिंकर ग्राइंडिंग यूनिट की स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इस परियोजना के अगले 12 महीनों में 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पूरा करने की कोशिश होगी। इसके साथ ही जेके सीमेंट ने पूर्वी भारत में अपनी पहुंच को और मजबूत करेगा।

बता दें कि कंपनी ने हाल ही में हमीरपुर (बुंदेलखंड) में अपनी दूसरी ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट का उद्घाटन किया है। 400 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ पिछले साल प्रदेश सरकार के साथ इस प्लांट के लिए एमओयू की प्रक्रिया पूरी की गई थी। हमीरपुर में नवनिर्मित इकाई की उत्पादन क्षमता 2 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। वहीं, अलीगढ़ में पहली ग्रीनफील्ड सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट लगभग 300 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित की गई है। इसकी क्षमता 1.50 एमटीपीए है।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
10-12 FEBRUARY, 2023

उत्तर प्रदेश के हर शहर का अपना एक अंदाज है। लेकिन अब यही उत्तर प्रदेश दूसरे राज्यों तक पहुंचकर निवेश जुटा रहा है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 के बारे में खास बात यह है कि इस समिट के माध्यम से निवेश जुटाने की योगी सरकार की कोशिशों के परिणाम सोच से कहीं बेहतर दिख रहे हैं।

योगी सरकार की निवेश नीतियां

इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट एंड इंप्लायमेंट प्रमोशन पालिसी-2022, फूड प्रोसेसिंग पालिसी, डिफेंस एंड एयरोस्पेस पालिसी, इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग पालिसी, फार्मास्यूटिक पालिसी, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, डेयरी डेवलपमेंट पालिसी, सिविल एविएशन पालिसी, इंफार्मेशन टेक्नोलाजी पालिसी, डाटा सेंटर पालिसी, मेंटीनेंस एंड रिपेयर स्टार्टअप पालिसी, इलेक्ट्रिक वीकल मैन्युफैक्चरिंग पालिसी, सोलर एनर्जी पालिसी, बायो एनर्जी पालिसी, प्राइवेज इंडस्ट्रियल पार्क, एमएसएमई पालिसी, टूरिज्म पालिसी, वेयरहाउसिंग एंड लाजिस्टिक पालिसी, फिल्म पालिसी, पोल्ट्री डेवलपमेंट पालिसी, एग्री एक्सपोर्ट प्रमोशन पालिसी, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट इन मेडिकल कालेज स्कीम, एक्सपोर्ट प्रमोशन पालिसी।

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए दिए जाएंगे 60 करोड़

जेके समूह के संस्थापक एमडी और पूर्व अध्यक्ष यदुपति सिंघानिया के नाम पर एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने के लिए जेके समूह ने आइआइटी कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी ने अपने सीएसआर फंड से 60 करोड़ रुपये की लागत से कानपुर में 'यदुपति सिंघानिया मेमोरियल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल' के निर्माण की सहमति व्यक्त की है। यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।

मेडिकल सेक्टर में 1.49 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से मेडिकल सेक्टर में 1.49 लाख युवाओं के लिए रोजगार का द्वार खुलेगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग को अभी तक 17.61 हजार करोड़ और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को 5.38 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। अभी यह आंकड़ा और बढ़ेगा। फिलहाल प्रदेश में 11 निजी मेडिकल यूनिवर्सिटी, 17 निजी मेडिकल कालेज, चार निजी कैंसर इंस्टीट्यूट व 15 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोले जाएंगे। इससे यूपी की चिकित्सा सुविधा और सेहतमंद होगी।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कहते हैं कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अब तक 171 प्रोजेक्ट को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया जा चुका है। इसमें प्राइवेट सेक्टर में चार कैंसर इंस्टीट्यूट व 15 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के अलावा एक डेंटल कालेज, पांच डायग्नोस्टिक सेंटर, पांच रिसर्च इंस्टीट्यूट व 15 मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल इत्यादि शामिल हैं। उधर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 100 निवेश प्रस्तावों पर एमओयू साइन किया है। इसमें 11 निजी मेडिकल यूनिवर्सिटी व 17 मेडिकल कालेजों के अलावा 11 नर्सिंग व पैरामेडिकल कालेज, 31 नर्सिंग कालेज, 17 पैरामेडिकल कालेज, 10 फार्मास्युटिकल कालेज व अंकोलाजी रिचर्स लैब इत्यादि खोलने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ब्रजेश पाठक कहते हैं कि अभी और कंपनियों से निवेश के लिए बातचीत चल रही है। लोगों का भरोसा यूपी के प्रति तेजी से बढ़ा है। बेहतर कानून-व्यवस्था और तेजी से हो रहे विकास को देखते हुए यहां बड़ी संख्या में उद्योगपति निवेश करने को आगे आ रहे हैं।

ब्रजेश पाठक (फाइल फोटो)

- 11 यूनिवर्सिटी व 15 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनेंगे
- चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य में 23 हजार करोड़ का निवेश

यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें